हाथी महोत्सव

बांधवगढ़ टाइगर रिवर्ज के प्रबंधन पर आरोप, हाथी महोत्सव को लेकर उठने लगे सवाल

# हाथियों की खातिरदारी में हो रहा भेदभाव



**चिल्हारी नवभारत 25 सितंबर।** जिले के मानपुर विधानसभा मुख्यालय स्थित विश्वविख्यात बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व नेशनल पार्क में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हाथियों की खातिरदारी को ध्यान में रखते हुए एक सप्ताह तक हाथी महोत्सव के नाम पर हाथियों को मौज मस्ती कराई जा रही है, जिसमें बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में लगातार सेवा दे रहे सभी हाथियों के साथ एक समान व्यवहार किए जाने के बजाय मात्र दो हाथियों की खातिरदारी कर लाखों का बजट समेटने की फिराक में प्रबंधन जुटा हुआ है।

जानकारी के अनुसार विगत कई वर्षों से बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में प्रबंधन द्वारा हाथी महोत्सव के नाम पर सभी हाथियों को अच्छी तरह नहला धुला कर तेल की मालिश कर चंदन टीका से सुसज्जित कर लाइन में खड़ा कराया जाता था और एक साथ सभी हाथियों के सामने रोटी, कच्चे नारियल, गुड़, सेव, केला, गन्ना, भुट्टा आदि भारी मात्रा में सामग्री परोस दी जाती थी, जिसे आस पास के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र से आए लोगों द्वारा अपने हाथों से हाथियों को खिलाया जाता था।

### प्रबंधन बजट डकारने के चक्कर में

वर्तमान में बजट डकारने की फिराक में बैठे प्रबंधन द्वारा हाथियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है और मौके पर मात्र दो हाथियों के सामने खाने पीने की सीमित सामग्री परोसी जा रही है। बाकी अन्य हाथियों का बायकाट कर दिया गया है, जो कि अन्याय है। आखिर काम तो सभी हाथियों से बराबर लिया जाता है फिर हांथी महोत्सव के दौरान हाथियों के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है।

### हाथी महोत्सव बना अवैध कमाई का जरिया

सूत्रों की माने तो प्रतिवर्ष लाखों रुपए का बजट हाथी महोत्सव के नाम पर आहरण किया जाता है, लेकिन इस बार प्रबंधन द्वारा पहले से ही हाथी महोत्सव को अपना अवैध कमाई का जरिया मानते हुए षड़यंत्र रच लिया गया है, जो फर्जी दस्तावेज के सहारे रकम हड़प लेने की योजना बनाई जा रही है। जानकारों की माने तो प्रबंधन द्वारा हाथी महोत्सव के नाम पर अच्छी खासी कमाई कर ली जाती है। मौके पर हाथियों के साथ किए जा रहे भेदभाव से इसका सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

# बच्चों से भिक्षावृत्ति कराना अपराध

▶ बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान



**डिंडौरी, नवभारत 25 सितंबर।** कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशन में जिले में बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम हेतु विशेष अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बाल संरक्षण टीम एवं बाल कल्याण समिति द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों का संयुक्त भ्रमण किया गया।

अभियान के दौरान टीम ने पुराने डिंडोरी-मंडला बस स्टैंड, जबलपुर बस स्टैंड एवं डेमघाट क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान भिक्षावृत्ति करते हुए बच्चों को चिन्हित किया गया और झुग्गी-झोपड़ी एवं फुटपाथ पर रह रहे परिवारों से मुलाकात की गई। टीम ने अभिभावकों को समझाइश दी कि बच्चों को भिक्षावृत्ति में भेजना अपराध है तथा यह उनके भविष्य के लिए हानिकारक है।

### विभिन्न सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

परिवारों को शिक्षा, पोषण एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने की जानकारी भी प्रदान की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में बच्चे पुनः भिक्षावृत्ति करते पाए गए तो अभिभावकों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने स्पष्ट किया कि जिले में लगातार बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और सभी बच्चों को मुख्यधारा से जोड़कर उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा सुनिश्चित की जा सके।

## एक नजर में

### विद्युत साज-सज्जा से जगमगाया पूरा गांव

**चिल्हारी नवभारत 25 सितंबर।** जिले के मानपुर जनपद का गांव चिल्हारी इन दिनों माता रानी के भक्ति में लीन है। प्रात: काल तीन बजे से लोग लाल फूल तोड़ने के लिए दौड़ लगाते हैं तथा बड़का तालाब की मढिया मन्दिर में प्रात: चार बजे से ही माताओं बहनों की लाइन लग जाती है। दूर्गा पंडालों में पन्डा पुजारियों द्वारा देर रात्रि तक देवी गीत गाकर माता रानी को प्रसन्न करने का प्रयास किया जाता है। गांवों में महिलाओं द्वारा भी देवी गीतों का आयोजन विधि विधान से किया जाता है। ग्राम चिल्हारी में लगभग 40 प्रतिमाओ को स्थापित कर आचार्यों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कराई जाती हैं। सभी दूर्गा समितियों द्वारा विद्युत साज सज्जा से पन्डालों में मनमोहक झांकियां सजाई गई है, जो की लोगों के आस्था का केंद्र बनी हुई है।






### भूकंप आपदा पर एनडीआरएफ ने की मॉक ड्रील

**डिंडोरी, नवभारत 25 सितंबर।** आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन के उद्देश्य से मनोज कुमार शर्मा, उप महानिरीक्षक के दिशा-निर्देशन में 11 एनडीआरएफ वाराणसी की टीम द्वारा 24 सितंबर को सीएम राइज स्कूल धनुवासागर में स्कूल स्टाफ एवं लगभगगई।

इसी क्रम में गुरूवार को चन्द्रविजय महाविद्यालय, डिंडोरी में जिला प्रशासन एवं अन्य हितधारकों के साथ संयुक्त रूप से भूकंप आपदा पर मॉक ड्रील आयोजित किया गया। ड्रील के दौरान भूकंप आपदा का परिदृश्य चित्रित किया गया, जिसमें शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय, डिंडोरी की इमारत का हिस्सा ढहने से कुछ मरीजों के फंसने एवं बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की स्थिति प्रदर्शित की गई। तदनुसार, ईओसी को घटना की सूचना दी गई, जिसने तत्परता से एनडीआरएफ नियंत्रण कक्ष एवं सभी संबंधित हितधारकों को आपात प्रतिक्रिया हेतु सूचित किया।

### बजरंग टेकरी में किया गया पौधा रोपण

**डिंडौरी, नवभारत 25 सितंबर।** शासन द्वारा संचालित स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नगर परिषद डिंडौरी ने 25 सितम्बर को वार्ड क्रमांक 11, बजरंग टेकरी पर पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन कलेक्टर के निर्देश, नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अशोक सारस के नेतृत्व एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान पीपल, नीम, आम, अशोक सहित अनेक छायादार और फलदार पौधे लगाए गए। इस पहल का प्रमुख उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता जागरूकता और नगर में हरियाली का विस्तार रहा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, पूर्व अध्यक्ष पंकज तेकाम, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, पार्षद रितेश जैन, रूपाली जैन, भागीरथ उरैती, समाजसेवी हरिहर पराशर, शत्रुघन पराशर सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और नगर परिषद के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 7 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक किया गया जब्त

**डिंडोरी, नवभारत 25 सितंबर।** स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने की मुहिम लगातार गति पकड़ रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को पुनः नगर परिषद की टीम ने कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशानुसार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी की अगुवाई में व्यापक छापामार कार्रवाई की।

इस दौरान नगर क्षेत्र के विभिन्न बाजारों और दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कई दुकानदारों के पास प्रतिबंधित प्लास्टिक पाई गई। नगर परिषद की टीम ने तत्परता दिखाते हुए 12 दुकानों से लगभग 7 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्त की। साथ ही ?2800 का जुर्माना अर्थदंड के रूप में वसूल किया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में प्लास्टिक का उपयोग अथवा बिक्री करते पाए जाने पर और भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान दुकानदारों एवं ग्राहकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए कपड़े और जूट के थैले अपनाने की अपील की गई।नगर परिषद के अधिकारियों ने कहा कि यह मुहिम केवल जुर्माना वसूलने के लिए नहीं, बल्कि जन-जागरूकता और स्वच्छ पर्यावरण बनाने के लिए है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे प्लास्टिक के उपयोग से बचें और स्वच्छता मिशन में नगर परिषद का सहयोग करें। कार्रवाई के दौरान नगर परिषद का पूरा अमला सक्रिय रूप से मौजूद रहा और दुकानदारों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का संदेश दिया गया।



# खेल मैदान में किया पौधा रोपण

**डिंडौरी, नवभारत 25 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के मार्गदर्शन में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 25 सितम्बर को शाम कलेक्ट्रेट खेल मैदान के चारों तरफ खेल अधिकारी, स्टॉफ और खिलाड़ियों ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधा रोपण किया।

पौधरोपण कार्यक्रम में खेल और युवा कल्याण अधिकारी मो. अहमद खान, जमुना धुर्वे छात्रावास अधीक्षिका, आरती सोंधिया खेल प्रशिक्षक, चेतराम अहिरवार, लक्ष्मी बनावल युवा समन्वयक, संतोषी यादव युवा समन्वयक, सुनीता धुर्वे युवा समन्वयक, रोशन बाबू झारिया, राजकुमार धुर्वे, नीरज कुमार बच्चैहा, अजीत धुर्वे एवं अन्य सीनियर खिलाड़ियों ने सहयोग दिया।

# स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

▶ आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजित किए गए कई कार्यक्रम



**डिंडौरी, नवभारत 25 सितंबर।** 8वां राष्ट्रीय पोषण माह 17 सितम्बर से 19 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रतिदिन विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में 25 सितम्बर को कलेक्टर नेहा मारव्या के मार्गदर्शन में सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में फिटनेस चैलेंज, योग दिवस और सामुदायिक खेल दिवस जैसे कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों और समुदाय को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शहरी समुदायों में न्यूट्रिशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया तथा मोटापे की रोकथाम हेतु नियमित स्वास्थ्य जांच पर जोर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए हेल्थ कैम्प में महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पोषण प्रदर्शनी भी कार्यक्रम का आकर्षण केंद्र रही।

### पोषण के प्रति किया गया जागरूक

सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास एवं अन्य गतिविधियों में भाग लेकर पोषण ही स्वास्थ्य, स्वास्थ्य ही जीवन का संदेश जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समुदाय को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना रहा।

# महिलाओं से भेदभाव का विरोध करना आवश्यक

▶ अभिमन्यु-3 अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



**शहपुरा नवभारत 25 सितंबर।** अभिमन्यु-3 अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में थाना परिसर शहपुरा में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सीएम राइज स्कूल, चारगांव सहित आसपास के अन्य विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं एवं बच्चों के प्रति हो रहे अपराधों के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाना, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना, महिलाओं को पुरुषों के समान कार्यस्थल पर सम्मान एवं अधिकार दिलाना तथा नशा मुक्ति और साइबर अपराधों के प्रति युवाओं को सजग बनाना रहा।

### नशे से बनाएं दूरी

इस अवसर पर विद्यार्थियों को समझाइश दी गई कि समाज में महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय और भेदभाव का विरोध करना आवश्यक है। बालकों को बालिकाओं के प्रति संवेदनशील बनाना समाज की आवश्यकता है। नशे से दूरी बनाकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर होना चाहिए। साइबर अपराधों की जानकारी एवं उनसे सुरक्षा के उपाय अपनाना अत्यंत आवश्यक है। अंत में सभी छात्र-छात्राओं को अभिमन्यु की तरह साहसी, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ दिलाई गई।

# पशु प्रेमियों ने लकवाग्रस्त श्वान को ईलाज के लिए पहुंचाया बिलासपुर

**शहपुरा नवभारत 25 सितंबर।** बेजुबान पशुओं की सेवा का उदाहरण पेश करते हुए नगर के पशु प्रेमी अमित रजक एवं उनकी टीम ने एक बार फिर सराहनीय पहल की है।

किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुई एक फीमेल डॉग की कमर की हड्डी टूट जाने से वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गई थी। स्थानीय स्तर पर लंबे समय तक ईलाज कराया गया, लेकिन सुधार नहीं होने पर टीम ने कुत्ते को बेहतर उपचार दिलाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान लगभग 300 किलोमीटर का सफर तय कर कुत्ते को बिलासपुर (छत्तीसगढ़) स्थित निधि जीवाश्रय सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उसका विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जा रहा है। गौरतलब है कि अमित रजक एवं उनकी टीम पहले भी कई बार घायल व बीमार पशुओं की मदद कर चुकी है।



# स्वच्छता के महत्व पर दी जानकारी

▶ ग्राम पंचायत बरौदी माल में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

**शहपुरा नवभारत 25 सितंबर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद शहपुरा प्रमोद ओझा के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत बरौदी माल में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा - एक दिन, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल, ग्राम सरपंच सिया बाई धुर्वे, सचिव नारद सिंह मरावी, पैसा मोबिलाइजर रामजी झरिया, समस्त हऋरूटीम, जल संसाधन टीम, समग्र शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित जनपद स्तरीय शहपुरा विकासखंड की टीम ने सहभागिता की। कार्यक्रम में ग्रामवासियों को स्वच्छता के महत्व पर जानकारी दी गई। गली-मोहल्लों व घरों की साफ-सफाई के साथ ही शासकीय भवनों की भी सफाई की गई। उपस्थित जनों ने स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी ली।

# दल बल के साथ गांवों में भ्रमण कर रहे थाना प्रभारी

▶ दुर्गा पंडालों का लिया जायजा



चिल्हारी नवभारत 25 सितंबर। जिले के मानपुर विधानसभा मुख्यालय थाना प्रभारी मुकेश कुमार मर्शकोले एवं थाना प्रभारी इन्दवार टीआई गोविन्द सिंह तथा पुलिस चौकी अमरपुर प्रभारी एसएन प्रजापति इन दिनों अपने दल बल के साथ प्रतिदिन क्षेत्रीय भ्रमण पर निकलते हैं और दुर्गा पंडालों में रुक कर कमेटी के पदाधिकारियों से मिल कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। जानकारी अनुसार नव दुर्गा उत्सव पावन पर्व एवं दशहरा के शुभ अवसर पर नगर सहित क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने हेतु मानपुर थाना प्रभारी भारी संख्या में पुलिस बल को साथ लेकर क्षेत्र सहित नगर का भ्रमण कर रहे हैं। वे कभी वाहन से तो कभी पैदल गश्त के दौरान शहर की हर गली सहित बस्तियों में पहुंच रहे हैं। दुर्गा पंडालों में रुक कर समिति के पदाधिकारियों से मिल कर चर्चा करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं।

### शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया

नवरात्रि पर्व को लेकर शहर में भारी वाहनों का प्रवेश भी बंद कर दिया गया है। चौराहों, तिराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। इसके साथ ही मांस, मछली सहित अंडे की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद करा दिया गया है। शराबियों सहित तेज गति से वाहन चलाने वाले युवकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। भक्तिमय माहौल को खराब करने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर विधिसंगत कार्यवाही भी की जा रही है।

बैठक

जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक में फग्गन सिंह कुलस्ते ने दी सख्त हिदायत

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सांसद



**डिंडौरी, नवभारत 25 सितंबर।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विधायक ओमकार सिंह मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते सहित जनपद पंचायत अध्यक्षगण, कलेक्टर नेहा मारव्या, पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में जिले की मध्यम एवं लघु बहुउद्देशीय परियोजनाओं, नर्मदा अपर परियोजना, राघवपुर व बसनिया परियोजना की समीक्षा की गई।

### नदी पर पुल निर्माण प्राथमिकता से पूरा किया जाए

बैठक में सांसद ने निर्देश दिए कि किसानों तक सिंचाई का लाभ शीघ्र पहुंचे और अधूरे कार्य छोड़ने वाले ठेकेदारों पर सख्त रिकवरी कार्रवाई हो। राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण की समीक्षा में सांसद ने शहपुरा मार्ग, नर्मदा व सिलगी नदी पर पुल निर्माण को प्राथमिकता पर शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि सड़क और पुल निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी तथा गुणवत्ता मानकों का पालन अनिवार्य होगा।

### गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखी जाए

बैठक में विद्यालय भवनों और आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों पर भी चर्चा हुई। सांसद ने स्पष्ट किया कि सभी शासकीय भवन समयसीमा और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएँ तथा विद्यालय भवनों तक पहुँच मार्ग भी अनिवार्य रूप से बनाया जाए। सांसद कुलस्ते ने कहा कि विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता पर निरंतर निगरानी रखी जाए। उन्होंने सभी विभागों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि ढिलाई या लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# आदर्श महाविद्यालय बना चैम्पियन

▶ जिला स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता



**डिंडौरी, नवभारत 25 सितंबर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय डिंडौरी एवं उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल में आदर्श महाविद्यालय की टीम ने शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय डिंडौरी को पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

प्रतियोगिता में जिले की 8 टीमों ने हिस्सा लिया। शासकीय आदर्श महाविद्यालय डिंडौरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया था। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आदर्श महाविद्यालय के तीन खिलाड़ी बलराम, संजय तेकाम एवं संतोष पुसाम का चयन संभाग स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता के लिए किया गया।

### खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए : डॉ. दुबे

विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय के संस्था प्रमुख डॉ. एसके दुबे ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खेल को सदैव खेल भावना से खेलना चाहिए, जिसमें तकनीक और बौद्धिक क्षमता दोनों का उपयोग आवश्यक है।